सीसीटीएनएस/ ई–मेल

मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

दिनांक:मई 12 ,2014

पत्रॉक: टीएस–सीसीटीएनएस–49/2012(T.P.A)

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
जनपद उत्तर प्रदेश।

विषयः– सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु थर्डपार्टी असेसमेन्ट में सूची में अंकित कार्मिकों का प्रतिभाग किया जाना।

कृपया अवगत कराना है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत जिन पुलिस कार्मिकों को रोल बेस्ड प्रशिक्षण एनआईआईटी द्वारा प्रदान किया गया है उनके प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण करने हेतु थर्डपार्टी असेसमेन्ट का आयोजन प्रशिक्षण संस्थानों में स्थापित कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में संलग्न कार्यक्रम के अनुसार कराया जाना प्रस्तावित है। आपको जनपद से संलग्न सूचना के अनुसार प्रशिक्षणार्थी को निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्र में आपके स्तर से भेजने हैं।

2– **उल्लेखनीय है कि परीक्षा के सम्बन्ध में निम्न निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।**

- किसी भी दशा में सूची में अंकित कार्मिक को इस परीक्षा से मुक्त नहीं किया जाएगा।
- जिन कार्मिकों ने रोल बेस्ड प्रशिक्षण प्राप्त है उन्हीं का मूल्यांकन किया जाएगा।
- ऐसे कार्मिकों को अन्यत्र स्थानान्तरण पर परीक्षा की अबधि तक कार्यमुक्त न किया जाए।
- विशेष परिस्थितियों को छोडकर परीक्षा की अवधि में अवकाश स्वीकृत न किया जाए।
- प्रत्येक कर्मी को समय से निर्धारित वर्दी में अपने पुलिस परिचय पत्र सहित सक्षम अधिकारी द्वारा प्रस्थानादेश के साथ परीक्षा हेतु रवाना कर दिया जाए, जिनके पास परिचय पत्र उपलब्ध नहीं हो उन्हें राजपत्रित अधिकारी द्वारा अस्थाई परिचय पत्र निर्गत करते हुए सचेत किया जाए कि यदि परीक्षा में आप समय से उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें सचेत किया जाय।
- उक्त कार्यकम के अनुसार सम्बन्धित पुलिस कर्मीयों के शत–प्रतिशत मुल्यांकन हेतु निर्धारित समयावधि पर उपस्थित होने हेतु अपने स्तर से प्रत्येक दशा में अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने की कार्यवाही किया जा सके।
- प्रश्नगत परीक्षा से सम्बन्धित समस्त प्रकार की सूचना एवं अनुपूरक सामग्री पुलिस वेबसाइट https://uppolice.gov.in/ से https://uppolice.gov.in/page.aspx?cctns-circulars प्राप्त किया जा सकता है।

3– अतः आपके जनपद में रोल बेस्ड प्रशिक्षण प्राप्त कार्मिकों को निम्नलिखित कार्यकम में अनुसार नियत प्रशिक्षण संस्थान पर परीक्षा हेतु रवाना करना सुनिश्चित करें, परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सूची पृथक से प्रेषित की जा रही है, ताकि नियत समय पर परीक्षा का आयोजन प्रशिक्षण संस्थान प्रमुख द्वारा कराया जा सके। विलम्ब से परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने वाले कार्मिकों को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

कमांक	परीक्षा केन्द्र	जिले जहाँ से अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र में पहुँचेंगे	उपलब्ध कम्प्यूटरों की संख्या	एक दिवस में सिफटों की संख्या	परीक्षा प्रारम्भ दिनांक	परीक्षा समाप्त होने का दिनांक
1	डा0भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद	आगरा, बदायूँ अमरोहा, हाथरस, मुरादाबाद	25	2	22.05.2014	20.06.2014
2	पी0टी0एस0 मुरादाबाद	बुलन्दशर हापुड़ कासगंज पीलीभीत रामपुर शामली	15	2	22.05.2014	24.06.2014
3	पी0टी0सी0 सीतापुर	एटा फतेहगढ़ कौशाम्बी महोबा शाहजहाँपुर सीतापुर सुल्तानपुर	28	2	22.05.2014	18.06.2014
4	ए0टी0सी0 सीतापुर	बहराइच, बलरामपुर, बाराबंकी, इटावा, फतेहपुर, हरदोई, खीरी, लखनऊ, प्रतापगढ़, रायबरेली	40	2	22.05.2014	21.06.2014
5	पी0टी0एस0 गोरखपुर	अम्बेडकर नगर बलिया, बस्ती, देवरिया फैजाबाद गोंडा, गोरखपुर, संतकबीरनगर, महाराजगंज, कुशीनगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर	15	3	22.05.2014	21.07.2014
6	पी0टी0एस0 मेरठ	बागपत बिजनौर फिरोजाबाद गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद मथुरा मेरठ मुजफ्फरनगर सहारनपुर	15	3	22.05.2014	17.07.2014
7	पी0टी0एस0 उन्नाव	अमेठी औरैया बांदा हमीरपुर जालौन झाँसी कन्नौज कानपुर देहात कानुपर नगर ललितपुर मैनपुरी उन्नाव	15	3	22.05.2014	24.07.2014
8	पी0टी0सी0 मुरादाबाद	अलीगढ़, बरेली, सम्भल	15	2	22.05.2014	17.06.2014
9	आर0टी0सी0 चुनार मिर्जापुर	इलाहाबाद आजमगढ़ संत रविदास नगर चंदौली चित्रकूट गाजीपुर जौनपुर मऊ मिर्जापुर सोनभद्र वाराणसी	15	3	22.05.2014	21.07.2014

17.5.14

(सन्दीप सालुन्के)
पुलिस महानिरीक्षक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,लखनऊ।

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अपने स्तर से सम्बन्धित को निर्देशित किये जाने हेतु सादर प्रेषित है।

2– पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

3– समस्त पुलिस महानिरीक्षक जोन, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त पुलिस उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र, उत्तर।

5– श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनआईआईटी को अनुपालन हेतु।

6– श्री राजीव वशिष्ठ, प्रोजेक्ट मैनेजर, एसपीएमयू को निकट पर्यवेक्षण में परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु।